**सुविचार**

**शिक्षा ही वह शक्ति है जो हमें अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायता करती है।**

# तरंग

**बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल भोपाल**
**का मासिक ई - न्यूजलेटर**

tarangnews2024@gmail.com | माह- जून 2025 | अंक - 24 वां

## शैक्षणिक सत्र- 2025-26 से AEDP कोर्स बी.ए. टूरिज्म एंड हॉस्पिटिलिटी ऑपरेशन्स प्रारंभ

### प्रतिमाह 8000 रूपये स्टायपेंड मिलेगा

**भोपाल-**महाविद्यालय में राज्य सरकार एवं उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से शैक्षणिक सत्र 2025-26 से Apprenticeship Embedded Degree Program (AEDP) के तहत (AEDP Course- B.A. Tourism and Hospitality Operations) कोर्स की शुरुआत हो रही है। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 के अंतर्गत युवाओं को कौशल आधारित एवं रोजगारोन्मुखी उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से की जा रही है।

AEDP पाठ्यक्रम की विशेषता यह है कि छात्र-छात्राओं को स्नातक की पढ़ाई के अंतिम वर्ष में 6 से 12 महीने की अप्रेंटिसशिप दी जाएगी, जिसमें उन्हें न्यूनतम ₹ 8,000 प्रतिमाह का स्टाइपेंड भी मिलेगा। यह कोर्स छात्र-छात्राओं को न केवल अकादमिक ज्ञान देगा, बल्कि उन्हें व्यावहारिक अनुभव और इंडस्ट्री से जुड़ाव का भी अवसर प्रदान करेगा।

महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि AEDP कोर्स के माध्यम से विद्यार्थियों को उनकी रूचि के क्षेत्र में अनुभव प्राप्त होगा और उन्हें स्नातक की डिग्री के साथ-साथ रोजगार की बेहतर संभावनाएं भी मिलेंगी। यह कोर्स युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

छात्र-छात्राएँ जिन्होंने 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण कर ली है, वे इस पाठ्यक्रम के लिए आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए MAY I HELP YOU मो.नं. 7489122123 पर संपर्क किया जा सकता है।

## स्नातक एवं स्नातकोत्तर हेतु ऑनलाइन पंजीयन आवेदन हेतु समय सारणी

**स्नातक हेतु ऑनलाईन पंजीयन आवेदनः**

**प्रथम चरण - 15 मई 2025 से 06 जून 2025**
**द्वितीय चरण - 13 जून 2025 से 18 जून 2025**
**तृतीय चरण - 20 जून 2025 से 25 जून 2025**

**स्नातकोत्तर हेतु ऑनलाईन पंजीयन आवेदनः**

**प्रथम चरण - 15 मई 2025 से 06 जून 2025**
**द्वितीय चरण - 13 जून 2025 से 18 जून 2025**
**तृतीय चरण - 20 जून 2025 से 25 जून 2025**

# महाविद्यालयीन गतिविधियाँ

## नीति संवाद श्रृंखला कार्यक्रम में सहभागिता










06/05/2025 कुशाभाऊ कन्वेंशन सेंटर भोपाल में आयोजित नीति संवाद श्रृंखला में महाविद्यालय से अतिथि विद्वान डॉ. विनीता दांगी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## समाजशास्त्र विभाग द्वारा 'लव जिहाद : एक सामाजिक अभिशाप' विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन






















07/05/2025 समाजशास्त्र विभाग द्वारा **'लव जिहाद : एक सामाजिक अभिशाप'** विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जनभागीदारी अध्यक्ष श्री बारेलाल अहिरवार जी, कृषि भूषण सम्मान प्राप्त श्री मिश्रीलाल जी, जनभागीदारी सदस्य श्री खिलान सिंह, भूतपूर्व अतिथि प्रोफेसर श्री ललित गौर उपस्थित थे। सेवा भारती संस्थान से पधारी हुई श्रीमती सुनीता सूर्यवंशी ने पी.पी.टी. और अपने व्याख्यान के माध्यम से **'लव जिहाद : एक सामाजिक अभिशाप'** विषय पर जागरूकता किया। एक मशाल प्रज्वलित कर उन्होंने लव जिहाद का अर्थ, धर्मान्तरण, शोषण, छल, विश्वासघात और हत्या जैसी क्रूर घटनाओं की चर्चा से सभागार में उपस्थित सभी श्रोताओं की आँखें नम कर दी। उन्होंने छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि वे **'प्रज्ञा प्रवाह'** के अन्तर्गत सहेली बनकर उपस्थित हुई हैं। अब छात्राएँ ऐसी वेदना और पीड़ा नहीं सहेंगी। 'लव जिहाद' के विरोध में पूरे समाज को एकजुट होने की आवश्यकता है। 'पर्यटन विभाग' के अतिथि प्रोफेसर श्री ललित गौर ने भी इस विषय पर अपने विचार रखे। छात्राओं ने भी भोपाल में हो रही ऐसी घटनाओं के बारे में अपनी चिन्ता साझा की। कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा। सभी विद्यार्थियों ने गंभीरता से इस चर्चा को सुना। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने जनभागीदारी अध्यक्ष, सदस्यों और सभी विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि श्रीमती सुनीता सूर्यवंशी ने हमें इस गंभीर और ज्वलंत मुद्दे के प्रति जागरुक किया है। उनका बहुत- बहुत धन्यवाद। 'लव जिहाद' टारगेट करके धर्मान्तरण का माध्यम न बने, हमारी यह प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय की बेटियों को कभी किसी समस्या का सामना नहीं करना पड़े, हम सभी सजग, सतर्क रहें। महाविद्यालय की छात्राएँ शिक्षकों को अपना अभिभावक को समझें, समस्या का समाधान तुरंत हो सकेगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गीता चौहान ने किया। यह कार्यक्रम समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना शर्मा के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। उन्होनें सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## तिरंगा यात्रा में महाविद्यालय परिवार द्वारा की गई सहभागिता








22/05/2025 **'ऑपरेशन सिंदूर'** की सफलता के परिणामस्वरूप हमारे देश के वीर सैनिको के सम्मान में **'नागरिक मंच भेल भोपाल'** के तत्वावधान में तिरंगा यात्रा का आयोजन माननीय मंत्री म.प्र. शासन श्रीमती कृष्णा गौर जी के मुख्यातिथ्य में दिनांक- 22 मई 2025 को यादव टी स्टाल इंद्रपुरी से पिपलानी पेट्रोल पम्प भेल भोपाल तक किया गया, जिसमें महाविद्यालय परिवार द्वारा सहभागिता की गई।

## लोकमाता देवी अहिल्या बाई की 300 वीं जयंती के अवसर पर परिचर्चा, प्रश्नोत्तरी और व्याख्यान का आयोजन









24/05/2025 बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल में लोकमाता देवी अहिल्या बाई की 300 वीं जयंती के अवसर पर परिचर्चा, प्रश्नोत्तरी और व्याख्यान का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.संजय कुमार जैन, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. अंजना अग्रवाल, वनस्पति शास्त्र की प्रो. डॉ. अनुराधा दुबे और सांस्कृतिक समिति प्रभारी डॉ. सुषमा जादौन ने लोकमाता अहिल्या बाई के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किए। ये दीप-सुशासन, सुव्यवस्था, संवेदना और संकल्प के स्मरण के लिए जलाए गए थे। कार्यक्रम में 'देवी अहिल्या बाई का जीवन-दर्शन' विषय पर अंग्रेजी की सह प्राध्यापक डॉ. इलारानी श्रीवास्तव, राजनीति विभाग की प्रो. डॉ. अनुपमा यादव ने प्रभावी वक्तव्य दिया। कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करते हुए श्री रमाकांत तिवारी ने देवी अहिल्या बाई के जीवन के सामाजिक पक्ष पर प्रकाश डाला। अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। बी.एस.सी. तृतीय वर्ष से गौरव गुप्ता, एम. ए. अर्थशास्त्र की छात्रा कु. आकांक्षा मिश्रा, बी.ए. तृतीय वर्ष की स्वीटी अहिरवार और रोशनी शर्मा ने भी प्रश्नोत्तरी, विचार प्रस्तुति में सहभागिता की। दूरदर्शिता, सेवा भावना, बुद्धिमत्ता, जनकल्याणकारी कार्यों के लिए देवी अहिल्याबाई के स्मरण का यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय जैन के मार्गदर्शन से पूर्ण हुआ। महाविद्यालय का पूरा परिवार इस महती कार्यक्रम का साक्षी बना। डॉ. शीला कुमार, डॉ. दिनीशा मालवीय, डॉ. अर्चना जैन के सहयोग से यह आयोजन संपन्न हुआ। महाविद्यालय के आभासी समूह, सोशल मीडिया और समाचार पत्रों में इसकी सचित्र रिपोर्ट प्रकाशित / प्रसारित की गयी।

# महाविद्यालय में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ







20/05/2025- EPCO के पत्र क्रमांक 595/EEP/EPCO/2025 दिनांक- 20/05/2025 के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वर्ष 2025 की थीम "Ending plastic pollution globally " के अनुसार महाविद्यालय में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ सबसे पहले 22/5/ 2025 को पर्यावरण बचाने के लिए मानव श्रृंखला बनाकर किया गया दिनांक 23/5/ 2025 को महाविद्यालय में स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण हेतु प्लास्टिक एवं पॉलीथिन का प्रयोग न करने हेतु शपथ ली दिनांक 24/5/ 2025 को ending plastic pollution globally पर परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की विद्यार्थियों एवं प्रोफेसर ने अपने विचारों को साझा किया तथा मानव स्थिति को बनाए रखने के लिए पॉलिथीन का प्रयोग कम से कम करने पर जोर दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय जैन ने भी महाविद्यालय के विद्यार्थियों को परिसर में प्लास्टिक एवं पॉलीथिन का उपयोग नहीं करने हेतु प्रेरित किया, साथ ही विद्यार्थियों को बताया कि हमें उतना ही पानी गिलास में लेना चाहिए जितना कि हम पी सकें, जिससे कि पानी की बर्बादी ना हो। पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई भी की गई इस अवसर पर एप्को क्लब प्रभारी डॉ. शीला कुमार ने Ending plastic pollution globally के अंतर्गत समस्त बिंदुओं को विद्यार्थियों को विस्तार पूर्वक समझाया जैसे की 1.Carry your own steel bottle. 2.Instead of disposal plates and glass .used eco friendly plates for example Dona pattal.3. Always used bamboo brush and bamboo comb inplace of plastic tooth brust and plastic comb.

## राष्ट्रीय शोध सेमीनार मे प्राप्त शोध-पत्रों मे से चयनित 28 शोध पत्रों से संग्रहित ISBN पुस्तक का विमोचन






30/05/2025 उच्च शिक्षा विभाग म.प्र.शासन के तत्वावधान में महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा 23 दिसम्बर 2024 को "सशक्त कौशल: भारत के यथोचित विकास का आधार" विषय पर आयोजित राष्ट्रीय शोध सेमीनार मे प्राप्त शोध-पत्रों मे से चयनित 28 शोध पत्रों से संग्रहित ISBN पुस्तक का विमोचन जनभागीदारी अध्यक्ष श्री बारेलाल अहिरवार जी ने किया इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. संजय कुमार जैन, जनभागीदारी सदस्य श्री खिलान सिंह, श्री भुजवल वर्मा, विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र डॉ. सीमा श्रीवास्तव, सेमीनार संयोजक डॉ. समता जैन, डॉ. अंजना अग्रवाल, डॉ. इलारानी श्रीवास्तव, डॉ. अर्चना जैन, डॉ. सुषमा जादौन उपस्थित रही।

# महाविद्यालय में मनाया गया विश्व तंबाकू निषेध दिवस













## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर नशा मुक्ति का लिया संकल्प

30-31/05/2025- महाविद्यालय में दिनांक- 30 मई 2025 एवं 31 मई 2025 को एन. एस. एस. और एन. सी. सी. के संयुक्त प्रयासों से विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर एक विचार गोष्ठी, फिल्म-प्रदर्शन और जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री बारेलाल अहिरवार जी, सदस्य श्री खिलान सिंह, श्री भुजबल, प्राचार्य डॉ. संजय कुमार जैन तथा प्राध्यापकगण, कर्मचारी, विद्यार्थी उपस्थित थे। श्री बारेलाल जी ने कहा कि नशे से युवा पीढ़ी को दूर रखना हम सबका दायित्व है। हम आज से यह संकल्प करते हैं कि नशे का यह दानव हमारे जीवन और परिसर में न आने पाये । प्राचार्य डॉ. संजय कुमार जैन ने कहा कि युवा समय जीवन का स्वर्णिमकाल जीवन में नए अवसर और संभावनाओं के मध्य नशे का प्रवेश न होने दें क्योंकि नशे से हमारा परिवार और जीवन नष्ट हो जाता है। हमें स्वयं भी जागरूक होना है और दूसरों को भी नशे की बुरी लत के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना है। विचार गोष्ठी में एन.सी.सी. केडेट विजय रावत ने PPT के माध्यम से नशे की आदत के परिणाम, नशा जैसे महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं से सभी को मुक्ति, तनाव से छुटकारा जैसे महत्वपूर्ण बिन्दुओं से परिचित कराया। रितिका राजपूत, रितिका ठाकुर, मुस्कान ठाकरे और आकाश ने भी नशे की आदतों के कारण जीवन, समाज और परिवार में परेशानी की चर्चा की। 'जैसी संगत वैसी रंगत' पुरानी कहावत है इसलिए हमें अपना साथ भी अच्छा रखना चाहिए । अंग्रेजी की प्रो. डॉ. इलारानी श्रीवास्तव ने कहा कि इस तरह की विचार-गोष्ठियाँ मात्र औपचारिकता नहीं है। नशे की लत स्वास्थ्य को प्रभावित करती है। तंबाकू के सेवन से कैंसर जैसी घातक बीमारी हो जाती है, जिसके कारण पूरे परिवार को मानसिक, आर्थिक और सामाजिक कठिनाइयों से जूझना पड़ता है। प्राणीशास्त्र विभाग की प्रो. डॉ. कीर्ति श्रीवास्तव ने कहा कि नशा स्वास्थ्य के साथ-साथ प्रतिभा का भी नाश करता है। मजदूर अपने श्रम का पूरा-पूरा मानदेय परिवार पर खर्च न कर नशे पर करते हैं। इससे उनकी वृद्धि रूक जाती है। समाज को इस कुचक्र से निकालने के लिए हमें ऐसे 'जागरूकता अभियान' को निरंतर चलाना चाहिए। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. समता जैन ने कहा-बच्चे, बूढ़े, युवा सभी नशे की लत के शिकार हो रहे हैं। हमारा दायित्व है कि हम सब मिलकर यह प्रयास करें कि हमारा समाज नशामुक्त हो । भारत सरकार के इस आयोजन में सभी ने मिलकर यह शपथ ली कि हम न नशा करेंगे, न किसी को करने देंगे। समाज में युवा-पीढ़ी में यह जागरूकता लाना युवा-पीढ़ी का उद्देश्य है। अंत में कार्यक्रम की संचालक और संयोजक डॉ. समता जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

# समाचार पत्रों से




महाविद्यालय स्तर पर यथोचित सहयोग मिलेगा

## युवा महिलाओं को लव जिहाद से जागरूक रहना चाहिए

सच प्रतिनिधि ॥ भोपाल

लव जिहाद सुनियोजित ढंग से हिन्दू वंश नष्ट करने का षडयंत्र है। युवा महिलाओं को इससे जागरूक रहना चाहिए, आवश्यक होने पर नारी शक्ति हेल्पलाईन नं 8982501419का उपयोग करें। उक्त विचार सेवा भारती की सुनीता सूर्यवंशी ने बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल में जनभागीदारी समिति के तत्वाधान में समाजशास्त्र विभाग द्वारा लव जिहाद एक सामाजिक अभिशाप विषय पर आयोजित संगोष्ठी में व्यक्त किए। आपने बताया कि आजकल स्कूल ,कालेज ओ के पास दोपहिया वाहनो घूमने वाले, छात्राओं को महंगे मोबाईल गिफ्ट करने वालों, हिन्दू घरों नौकरी करने वालों वैवाहिक साइटों से सम्पर्क करने वाले, वेलेंटाइन डे पर उपहार भेजने वालों से छात्राओं को सतर्क रहने की आवश्यकता है। इस अवसर पर पर्यटन विशेषज्ञ प्रो.ललित गौड़ ने कहा कि छात्राओं के साथ अभिभावकों को भी लव जिहाद जैसे भयावह षडयंत्र से बचने के लिए सजग रहना होगा।

प्राचार्य डा.संजय जैन ने कहा कि इस महाविद्यालय की कोई भी छात्रा या उसकी परिचित यदि इस परेशानी का सामना कर रही हों तो वे महाविद्यालय परिवार की किसी भी प्राध्यापक या माई हेल्प यू डेस्क से निसंकोच सहयोग ले सकतीं है उनकी जानकारी गोपनीय रखते हुए यथोचित सहायता की जाएगी। इस अवसर पर जनभागीदारी अध्यक्ष बारेलाल अहिरवार ने सभी को जागरूक रहने की सलाह दी। जिससे इस तरह की घटनाओं की पुनरावृति न हो। कार्यक्रम का संचालन डॉ.गीता चौहान एवं आभार डॉ. निर्मला शुक्ला ने व्यक्त किया। जनभागीदारी सदस्य मिश्रीलाल, खिलान सिंह सहित स्टाफ के सदस्य एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं।

---

दैनिक हरिभूमि भोपाल

भेल कॉलेज में लव जिहाद एक सामाजिक अभिशाप विषय पर संगोष्ठी

## लव जिहाद से युवा महिलाओं को जागरूक रहना चाहिए, कॉलेज स्तर पर मिलेगी सहायता



9.5.2025

लव जिहाद सुनियोजित ढंग से हिन्दू वंश नष्ट करने का षडयंत्र है। युवा महिलाओं को इससे जागरू[illegible] आवश्यक होने पर नारी शक्ति हेल्पलाइन नं 8982501419 का उपयोग करें। उक्त विचार गुरुवार को सेवा भारती की सुनीता सूर्यवंशी ने बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल में जनभागीदारी समिति के तत्वावधान में समाजशास्त्र विभाग द्वारा लव जिहाद एक सामाजिक अभिशाप विषय पर आयोजित संगोष्ठी में व्यक्त किए। बताया कि आजकल स्कूल, कॉलेजों के पास दोपहिया वाहनों पर घूमने वाले, छात्राओं को महंगे मोबाइल गिफ्ट करने वालों, हिन्दू घरों में नौकरी करने वालों, वैवाहिक वेबसाइटों से संपर्क करने वाले, वेलेंटाइन डे पर उपहार भेजने वालों से छात्राओं को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

### निःसंकोच सहयोग ले सकतीं हैं छात्राएं

प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने कहा कि इस महाविद्यालय की कोई भी छात्रा या उसकी परिचित यदि इस परेशानी का सामना कर रही हों तो वे महाविद्यालय परिवार की किसी भी प्राध्यापकया में आई हेल्प यू डेस्क से निःसंकोच सहयोग ले सकतीं हैं। उनकी जानकारी गोपनीय रखते हुए यथोचित सहायता की जाएगी। इस अवसर पर जनभागीदारी अध्यक्ष बारेलाल अहिरवार ने सभी को जागरूक रहने की सलाह दी, जिससे इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गीता चौहान एवं आभार डॉ निर्मला शुक्ला ने व्यक्त किया।

---

9.5.2025

## युवतियों को जागरूक रहना चाहिए: सूर्यवंशी

एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल। लव जिहाद सुनियोजित ढंग से हिन्दू वंश नष्ट करने का षडयंत्र है। युवतियों को इससे जागरूक रहना चाहिए। आवश्यक होने पर नारी शक्ति हेल्पलाइन नं 8982501419 का उपयोग करें। उक्त विचार सेवा भारती की सुनीता सूर्यवंशी ने बाबूलाल गौर पीजी कालेज भेल में जनभागीदारी समिति के तत्वावधान में समाजशास्त्र विभाग द्वारा लव जिहाद एक सामाजिक अभिशाप विषय पर आयोजित संगोष्ठी में व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि आजकल स्कूल, कालेजों के पास दोपहिया वाहनों घूमने वाले छात्राओं को महंगे मोबाइल गिफ्ट करने वालों, हिंदू घरों नौकरी करने वालों वैवाहिक साइटों से सम्पर्क करने वाले, वेलेंटाइन डे पर उपहार भेजने वालों से छात्राओं को सतर्क रहने की आवश्यकता है। पर्यटन विशेषज्ञ प्रो. ललित गौड़ ने कहा कि छात्राओं के साथ अभिभावकों को भी लव जिहाद जैसे षडयंत्र से बचने सजग रहना होगा। प्राचार्य डा:संजय जैन ने कहा कि कालेज की कोई भी छात्रा यदि इस परेशानी का सामना कर रही हों, तो वे कालेज परिवार की किसी भी प्रोफेसर या डेस्क से निसंकोच सहयोग ले सकती हैं।

दैनिक जागरण भोपाल

---

10.5.2025

## लड़कियों को सतर्क रखने संगोष्ठी आयोजित



भेल ZOOM रिपोर्टर

लव जिहाद सुनियोजित ढंग से हिन्दू वंश नष्ट करने का षडयंत्र है। जरूरी होने पर नारी शक्ति हेल्पलाइन नं 8982501419 का उपयोग करें। यह बात सेवा भारती की सुनीता सूर्यवंशी ने बाबूलाल गौर महाविद्यालय भेल में जनभागीदारी समिति के तत्वावधान में लव जिहाद एक सामाजिक अभिशाप विषय पर आयोजित संगोष्ठी में कही। कार्यक्रम में पर्यटन विशेषज्ञ प्रो. ललित गौड़, प्राचार्य डॉ. संजय जैन मौजूद रहे।

# समाचार पत्रों से

## स्वदेश ज्योति

# बाबूलाल गौर कॉलेज ने शुरू किया बीए टूरिज्म एंड हॉस्पिटलिटी ऑपरेशन्स कोर्स

स्वदेश ज्योति संवाददाता, भोपाल

बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल में राज्य सरकार एवं उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से शैक्षणिक सत्र 2025-26 से बीए टूरिज्म एंड हॉस्पिटिलिटी ऑपरेशन्स कोर्स की शुरुआत हो रही है। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 के अंतर्गत युवाओं को कौशल आधारित एवं रोजगारोन्मुखी उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से की जा रही है। इस पाठ्यक्रम की विशेषता यह है कि छात्र-छात्राओं को स्नातक की पढ़ाई के अंतिम वर्ष में 6 से 12 महीने की अप्रेंटिसशिप दी जाएगी, जिसमें उन्हें न्यूनतम 8,000 प्रतिमाह का स्टाइपेंड भी मिलेगा। यह कोर्स छात्र-छात्राओं को न केवल अकादमिक ज्ञान देगा, बल्कि उन्हें व्यावहारिक अनुभव और इंडस्ट्री से जुड़ाव का भी अवसर प्रदान करेगा। प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने बताया कि इस कोर्स के माध्यम से विद्यार्थियों को उनकी रूचि के क्षेत्र में अनुभव प्राप्त होगा और उन्हें स्नातक की डिग्री के साथ-साथ रोजगार की बेहतर संभावनाएं भी मिलेंगी।

**छात्रों को रोजगार मिलने की संभावनाएं बढ़ेंगी**

Bhopal Main-Edition Edition
May 16, 2025 Page No. 4
Powered by: erelego.com

दैनिक भास्कर भोपाल 15.5.2025

**भेल कॉलेज में एक प्रोग्राम...** बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल एक एईडीपी संचालित करेगा। प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने बताया कि यहां बीए टूरिज्म एंड हॉस्पिटेलिटी ऑपरेशन्स को ऑफर करने का निर्णय लिया गया है। इसमें 30 सीटें होंगी।

## भेल कॉलेज में बीए टूरिज्म एंड हास्पिटैलिटी कोर्स होगा शुरू

स्वदेश भोपाल 16.5.2025

भोपाल। भेल स्थित बाबूलाल गौर शासकीय पीजी महाविद्यालय नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश शुरू हो रहा है। इसमें रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम बीए टूरिज्म एंड हास्पिटैलिटी आपरेशंस में प्रवेश दिया जाएगा। प्राचार्य डा संजय जैन ने बताया कि इस पाठ्यक्रम की विशेषता यह है कि छात्र-छात्राओं को स्नातक की पढ़ाई के अंतिम वर्ष में 6 से 12 महीने की अप्रेंटिसशिप दी जाएगी, जिसमें उन्हें न्यूनतम 8,000 प्रतिमाह का स्टाइपेंड भी मिलेगा। यह कोर्स छात्र-छात्राओं को न केवल अकादमिक ज्ञान देगा, बल्कि उन्हें व्यावहारिक अनुभव और इंडस्ट्री से जुड़ाव का भी अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि इस कोर्स के लिए 12 वीं उत्तीर्ण छात्र आवेदन कर सकते हैं। इस पाठ्यक्रम के लिए मोबाइल नंबर 7489122123 पर संपर्क किया जा सकता है।

पीपुल्स समाचार भोपाल 16.5.2025

## भेल कॉलेज में 3 वर्षीय एईडीपी कोर्सेस शुरू

भोपाल। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सत्र 2024-25 से संचालित आप्रेंटिशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम (एईडीपी) 3 वर्षीय यूजी डिग्री कोर्स शुरू किया गया है। इसमें 7 कोर्स बीकॉम, बीएससी और बीए के छात्रों के लिए शुरू किए गए हैं। प्राचार्य संजय जैन ने बताया कि इस कोर्स का उद्देश्य छात्रों को डिग्री के साथ-साथ रोजगार उपलब्ध करवाना है। बीकॉम प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए रिटेल ऑपरेशंस बीएससी के छात्रों के लिए बीएससी इन हेल्थ केयर मैनेजमेंट और बीए के छात्रों के लिए टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी के नाम से ये कोर्स चलाए जाएंगे।

## भेल कॉलेज में रोजगारोन्मुखी कोर्स होंगे शुरू, स्टाइपेंड भी मिलेगा

हरिभूमि भोपाल 16.5.2025

राजधानी स्थित बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल में इस सत्र से विभिन्न रोजगारोन्मुखी कोर्स शुरू किए जा रहे हैं। राज्य सरकार एवं उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से शैक्षणिक सत्र 2025-26 से अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम (एईडीपी) एक ऐसी पहल है, जो छात्रों को अपनी डिग्री हासिल करते हुए उद्योग में काम करने का अनुभव प्राप्त करने में मदद करता है, जिससे उनकी रोजगार क्षमता बढ़ती है। इसके तहत बीए टूरिज्म एंड हास्पिटैलिटी ऑपरेशन्स कोर्स शुरू किया जा रहा है। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत युवाओं को कौशल आधारित एवं रोजगारोन्मुखी उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से की जा रही है। एईडीपी पाठ्यक्रम की विशेषता यह है कि छात्र-छात्राओं को स्नातक की पढ़ाई के अंतिम वर्ष में 6 से 12 महीने की अप्रेंटिसशिप दी जाएगी, जिसमें उन्हें न्यूनतम रुपए 8,000 प्रतिमाह का स्टाइपेंड भी मिलेगा। यह कोर्स छात्र-छात्राओं को न केवल अकादमिक ज्ञान देगा, बल्कि उन्हें व्यावहारिक अनुभव और इंडस्ट्री से जुड़ाव का भी अवसर प्रदान करेगा।

**युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने महत्वपूर्ण कदम**

प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने बताया कि एईडीपी कोर्स के माध्यम से विद्यार्थियों को उनकी रुचि के क्षेत्र में अनुभव प्राप्त होगा और उन्हें स्नातक की डिग्री के साथ-साथ रोजगार की बेहतर संभावनाएं भी मिलेंगी। यह कोर्सयुवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। छात्र-छात्राएं जिन्होंने 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण कर ली है, वे भी इस पाठ्यक्रम के लिए आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मे आई हेल्प यू मोबाइल नंबर 7489122123 पर संपर्क किया जा सकता है।

# समाचार पत्रों से

## देवी अहिल्या बाई का शासन था न्यायपूर्ण



भोपाल ZOOM रिपोर्टर

बाबूलाल गौर शासकीय कॉलेज भेल में सांस्कृतिक, साहित्यिक समिति द्वारा देवी अहिल्या बाई की 300वीं जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय जैन, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. अंजना अग्रवाल, वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. अनुराधा दुबे ने देवी अहिल्या बाई के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किए। इस मौके पर प्रो. इलारानी श्रीवास्तव ने कहा कि देवी अहिल्या बाई का शासन सुव्यवस्थित और न्यायपूर्ण था।

अटल स्तम्भ

## सुशासन, सेवा और संकल्प की प्रतिमूर्ति अहिल्याबाई

**अटल स्तम्भ उज्जैन (संदीप सुजन)**

बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल में सांस्कृतिक साहित्यिक समिति द्वारा देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.संजय जैन,प्रशासनिक अधिकारी डॉ.अंजना अग्रवाल, वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ.अनुराधा दुबे ने देवी अहिल्या बाई के चित्र के समक्ष विद्युत दीप प्रज्वलित किए.इस अवसर पर प्रो.इलारानी श्रीवास्तव ने कहा कि देवी अहिल्याबाई का शासन सुव्यवस्थित और न्यायपूर्ण था। डॉ.अनुपमा यादव ने अपने वक्तव्य में अहिल्या बाई को सेवा, संकल्प और सुशासन की प्रतिमूर्ति बताया।बीए तृतीय वर्ष की छात्रा स्वीटी अहिरवार ने अहिल्या बाई की संवेदनशीलता पर एक कविता प्रस्तुत की। श्री रमाकांत तिवारी ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई के स्मरणीय कार्यों में मंदिरों का जीर्णोद्धार सर्वप्रमुख है।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.संजय जैन ने कहा कि अहिल्याबाई बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि की धनी थीं। अपने राजनीतिक जीवन में भी उन्होंने प्रशासनिक दक्षता का परिचय दिया।इस अवसर पर विद्यार्थियों के मध्य अहिल्याबाई के जीवन पर आधारित प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया,जिसमें विद्यार्थियों के साथ साथ प्राध्यापकों ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम में पूरा महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।कार्यक्रम का सफल संचालन बीए तृतीय वर्ष की छात्रा कु.स्वीटी अहिरवार ने और आभार प्रदर्शन डॉ.सुषमा जादौन ने किया।



ल, रविवार 25 मई, 2025 2

## सुशासन, सेवा और संकल्प की प्रतिमूर्ति हैं अहिल्या बाई



दैनिक कारखाने का सफर। भोपाल

बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल में सांस्कृतिक साहित्यिक समिति द्वारा देवी अहिल्या बाई की 300वीं जयंती पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.संजय जैन,प्रशासनिक अधिकारी डॉ.अंजना अग्रवाल, वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ.अनुराधा दुबे ने देवी अहिल्या बाई के चित्र के समक्ष विद्युत दीप प्रज्वलित किए.इस अवसर पर प्रो.इलारानी श्रीवास्तव ने कहा कि देवी अहिल्या बाई का शासन सुव्यवस्थित और न्यायपूर्ण था। डॉ.अनुपमा यादव ने अपने वक्तव्य में अहिल्या बाई को सेवा, संकल्प और सुशासन की प्रतिमूर्ति बताया।बीए तृतीय वर्ष की छात्रा स्वीटी अहिरवार ने अहिल्या बाई की संवेदनशीलता पर एक कविता प्रस्तुत की। श्री रमाकांत तिवारी ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई के स्मरणीय कार्यों में मंदिरों का जीर्णोद्धार सर्वप्रमुख है।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.संजय जैन ने कहा कि अहिल्या बाई बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि की धनी थीं। अपने राजनीतिक जीवन में भी उन्होंने प्रशासनिक दक्षता का परिचय दिया।इस अवसर पर विद्यार्थियों के मध्य अहिल्या बाई के जीवन पर आधारित प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया,जिसमें विद्यार्थियों के साथ साथ प्राध्यापकों ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम में पूरा महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।कार्यक्रम का सफल संचालन बीए तृतीय वर्ष की छात्रा कु.स्वीटी अहिरवार ने और आभार प्रदर्शन डॉ.सुषमा जादौन ने किया।



26/05/2025

बीएचईएल से सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को भावभीनी विदाई दी गई। भेल के प्रशासनिक भवन में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रदीप कुमार उपाध्याय, महाप्रबंधक एवं प्रमुख, बीएचईएल ने सेवानिवृत्त होने वाले अभियंता रामकिशोर त्रिपाठी सहित सात पर्यवेक्षकों और एक आर्टिजन को सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई दी। इस मौके पर उपाध्याय ने कहा कि आप सभी अपने जीवन के दूसरी पारी का स्वस्थ रहते हुए अधिक से अधिक आनंद उठाएं।

बाबूलाल गौर शासकीय कॉलेज भेल में सांस्कृतिक, साहित्यिक समिति द्वारा देवी अहिल्या बाई की 300वीं जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय जैन, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. अंजना अग्रवाल, वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. अनुराधा दुबे ने देवी अहिल्या बाई के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किए। इस मौके पर प्रो. इलारानी श्रीवास्तव ने कहा कि देवी अहिल्या बाई का शासन सुव्यवस्थित और न्यायपूर्ण था।

27.5.2025

## पर्यटन और होटल प्रबंधन क्षेत्र में करियर अवसर

### भारतीय ज्ञान परम्परा का संवाहक रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम

शाम तक,भोपाल

राजधानी के एकमात्र शासकीय महाविद्यालय -बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल में पर्यटन और होटल प्रबंधन सम्बंधी नियमित एवं रोजगारोन्मुखी पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित है, जो भारतीय ज्ञान परम्परा का संवाहक भी है। पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. आर.के. शर्मा ने बताया कि इस पाठ्यक्रम में भारत की ऐतिहासिक विरासत, संस्कृति, नृत्य, संगीत , पर्यटन स्थल,यात्रा सुविधाएं, आतिथ्य सत्कार परम्परा आदि का अध्यापन भारत का सामाजिक और सांस्कृतिक परिचय ,पर्यटन एवं यात्रा के सिद्धांत, पर्यटन और यात्रा एजेंसीज, होटल प्रबंधन और केटरिंग ,भारत एक पर्यटन स्थल और पर्यटन प्रबंधन में कम्प्यूटर के उपयोग जैसे विषयों के अध्यापन में समाहित हैं । प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने बताया कि बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल से सम्बद्ध इस एक वर्षीय पाठ्यक्रम पीजी डिप्लोमा इन टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट की विशेषता यह है कि किसी भी विषय का स्नातक इस पाठ्यक्रम में प्रवेश की पात्रता रखता है तथा वह एक वर्ष में ही पर्यटन और होटल प्रबंधन दोनों क्षेत्रों में अपना करियर बनाने के अवसर पा लेता है। शासकीय महाविद्यालय होने के कारण नो लास नो प्राफिट पर आधारित स्ववित्तीय पाठ्यक्रम के रूप में संचालित है , जो वर्तमान में पर्यटन और होटल प्रबंधन के क्षेत्र मे कार्यरत लोगों को भी अपनी शैक्षणिक अर्हता बढ़ाकर उच्च पदों पर पहुंने के अवसर प्रदान करता है।

इस पाठ्यक्रम में व्यावहारिक ज्ञान के लिए एक प्रश्नपत्र, एजूकेशनल टूर, टूर रिपोर्ट एवं प्रोजेक्ट वर्क पर आधारित है। पर्यटन और होटल प्रबंधन क्षेत्र में निरंतर हो रही प्रगति और विविधतापूर्ण आयाम, मेडीकल टूरिज्म, कल्चरल इवेंट टूरिज्म, रूरल टूरिज्म, हेरिटेज टूरिज्म, स्पोर्ट टूरिज्म आदि-जुड़ने के कारण इस क्षेत्र में शिक्षित व्यक्तियों की सतत् आवश्यकता हो रही है, जिसकी प्रतिपूर्ति के लिए भी यह पाठ्यक्रम सहायक है।

# समाचार पत्रों से

बदलते जमाने का अखबार
**पीपुल्स समाचार**

Date 28 May, 2025 - Newspaper - Page6

Image Text

## भेल कॉलेज में पर्यटन प्रबंधन में पीजी कोर्स

भोपाल। बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल में पर्यटन और होटल प्रबंधन संबंधी नियमित एवं रोजगारोन्मुखी पीजी डिप्लोमा कोर्स संचालित हो रहा है। समन्वयक डॉ. आरके शर्मा ने बताया कि भारत की एतिहासिक विरासत, संस्कृति, नृत्य, संगीत, पर्यटन स्थल, यात्रा सुविधाएं, आतिथ्य सत्कार परंपरा का अध्यापन, सामाजिक, सांस्कृतिक परिचय, पर्यटन एवं यात्रा सिद्धांत, पर्य3टन और यात्रा एजेंसीज, होटल प्रबंधन और केटरिंग, पर्यटन स्थल और प्रबंधन में कंप्यूटर के उपयोग की पढ़ाई करवाई जा रही है। प्राचार्य डा . संजय जैन ने बताया कि एक वर्षीय पाठ्यक्रम पीजी डिप्लोमा इन टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट में किसी भी विषय का स्नातक प्रवेश के लिए पात्र है।

28.5.2025

## भेल कॉलेज में करियर के अवसरों पर ध्यानाकर्षण

## पर्यटन और होटल प्रबंधन संबंधी पीजी डिप्लोमा कोर्स में करियर की अपार संभावनाएं: डॉ. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल में पर्यटन और होटल प्रबंधन संबंधी नियमित और रोजगारोन्मुखी पीजी डिप्लोमा कोर्स संचालित किया जा रहा है। यह भारतीय ज्ञान परंपरा का संवाहक भी है। पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. आरके शर्मा ने बताया कि इस पाठ्यक्रम में भारत की एतिहासिक विरासत, संस्कृति, नृत्य, संगीत, पर्यटन स्थल, यात्रा सुविधाएं, आतिथ्य सत्कार परंपरा आदि का अध्यापन किया जाता है। यह भारत का सामाजिक और सांस्कृतिक परिचय, पर्यटन और यात्रा के सिद्धांत, पर्यटन और यात्रा एजेंसीज, होटल प्रबंधन और केटरिंग, भारत एक पर्यटन स्थल और पर्यटन प्रबंधन में कम्प्यूटर के उपयोग जैसे विषयों के अध्यापन में समाहित है।

**पाठ्यक्रमों की विशेषता**

### किसी भी विषय के स्नातक को प्रवेश की पात्रता

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने बताया कि बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल से संबद्ध इस एक वर्षीय पाठ्यक्रम पीजी डिप्लोमा इन टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट की विशेषता यह है कि किसी भी विषय का स्नातक इस पाठ्यक्रम में प्रवेश की पात्रता रखता है। वह एक वर्ष में ही पर्यटन और होटल प्रबंधन दोनों क्षेत्रों में अपना करियर बनाने के अवसर पा लेता है। शासकीय महाविद्यालय होने के कारण नो लास नो प्रॉफिट पर आधारित स्ववित्तीय पाठ्यक्रम के रूप में संचालित है।

### *पर्यटन और होटल प्रबंधन क्षेत्र में निरंतर हो रही प्रगति*

*मेडिकल टूरिज्म, कल्चरल इवेंट टूरिज्म, रूरल टूरिज्म, हैरिटेज टूरिज्म, स्पोर्ट टूरिज्म आदि जुडने के कारण इस क्षेत्र में शिक्षित व्यक्तियों की लगातार आवश्यकता हो रही है, जिसकी प्रतिपूर्ति के लिए भी यह पाठ्यक्रम सहायक है।*

भोपाल, बुधवार 28 मई 2025 | 02

## शासकीय बाबूलाल गौर कालेज में पर्यटन और होटल प्रबंधन का रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम शुरू

भेल भोपाल। राजधानी के एकमात्र शासकीय महाविद्यालय बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल में पर्यटन और होटल प्रबंधन सम्बंधी नियमित एवं रोजगारोन्मुखी पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित है जो भारतीय ज्ञान परम्परा का संवाहक भी है। पाठ्यक्रम समन्वयक डा आरके शर्मा ने बताया कि इस पाठ्यक्रम में भारत की एतिहासिक विरासत, संस्कृति, नृत्य, संगीत, पर्यटन स्थल,यात्रा सुविधाएं, आतिथ्य सत्कार परम्परा आदि का अध्यापन-भारत का सामाजिक और सांस्कृतिक परिचय, पर्यटन एवं यात्रा के सिद्धांत, पर्यटन और यात्रा एजेंसीज,होटल प्रबंधन और केटरिंग,भारत एक पर्यटन स्थल और पर्यटन प्रबंधन में कम्प्यूटर के उपयोग जैसे विषयों के अध्यापन में समाहित हैं।

### बरकतुल्ला विश्वविद्यालय भोपाल से सम्बद्ध

प्राचार्य डा. संजय जैन ने बताया कि बरकतुल्ला विश्वविद्यालय भोपाल से सम्बद्ध इस एक वर्षीय पाठ्यक्रम पीजी डिप्लोमा इन टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट की विशेषता यह है कि किसी भी विषय का स्नातक इस पाठ्यक्रम में प्रवेश की पात्रता रखता है तथा वह एक वर्ष में ही पर्यटन और होटल प्रबंधन दोनों क्षेत्रों में अपना करियर बनाने के अवसर पा लेता है। शासकीय महाविद्यालय होने के कारण नो लास नो प्राफिट पर आधारित स्ववित्तीय पाठ्यक्रम के रूप में संचालित है जो वर्तमान में पर्यटन और होटल प्रबंधन के क्षेत्र में कार्यरत लोगों को भी अपनी शैक्षणिक अर्हता बढ़ाकर उच्च पदों पर पहुंने के अवसर प्रदान करता है। इस पाठ्यक्रम में व्यावहारिक ज्ञान के लिए एक प्रश्नपत्र- एजुकेशनल टूर, टूर रिपोर्ट एवं प्रोजेक्ट वर्क पर आधारित है।

### पर्यटन और होटल प्रबंधन क्षेत्र में निरंतर हो रही प्रगति और विविधतापूर्ण आयाम

-मेडीकल टूरिज्म, कल्चरल इवेंट टूरिज्म, रूरल टूरिज्म, हेरिटेज टूरिज्म, स्पोर्ट टूरिज्म आदि-जुडने के कारण इस क्षेत्र में शिक्षित व्यक्तियों की सतत आवश्यकता हो रही है, जिसकी प्रतिपूर्ति के लिए भी यह पाठ्यक्रम सहायक है।

28.5.2025

## पर्यटन व होटल प्रबंधन में पीजी डिप्लोमा रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम



सीएनएन सेंट्रल न्यूज एंड नेटवर्क-आईटीडीसी इंडिया इंप्रेस /आईटीडीसी न्यूज भोपाल। राजधानी के एकमात्र शासकीय महाविद्यालय -बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल में पर्यटन और होटल प्रबंधन सम्बंधी नियमित एवं रोजगारोन्मुखी पी जी डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित है जो भारतीय ज्ञान परम्परा का संवाहक भी है पाठ्यक्रम समन्वयक डा आर के शर्मा ने बताया कि इस पाठ्यक्रम में भारत की एतिहासिक विरासत, संस्कृति, नृत्य, संगीत , पर्यटन स्थल,यात्रा सुविधाएं, आतिथ्य सत्कार परम्परा आदि का अध्यापन - भारत का सामाजिक और सांस्कृतिक परिचय ,पर्यटन एवं यात्रा के सिद्धांत , पर्यटन और यात्रा एजेंसीज,होटल प्रबंधन और केटरिंग ,भारत एक पर्यटन स्थल और पर्यटन प्रबंधन में कम्प्यूटर के उपयोग जैसे विषयों के अध्यापन में समाहित हैं प्राचार्य डा . संजय जैन ने बताया कि बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल से सम्बद्ध इस एक वर्षीय पाठ्यक्रम - पी जी डिप्लोमा इन टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट की विशेषता यह है कि किसी भी विषय का स्नातक ,इस पाठ्यक्रम में प्रवेश की पात्रता रखता है तथा वह एक वर्ष में ही पर्यटन और होटल प्रबंधन दोनो क्षेत्रो में अपना करियर बनाने के अवसर पा लेता है .शासकीय महाविद्यालय होने के कारण नो लास नो प्राफिट पर आधारित स्ववितीय पाठ्यक्रम के रूप में संचालित है . जो वर्तमान में पर्यटन और होटल प्रबंधन के क्षेत्र मे कार्यरत लोगो को भी अपनी शैक्षणिक अर्हता बढ़ा कर उच्च पदों पर पहुंने के अवसर प्रदान करता है .इस पाठ्यक्रम में व्यावहारिक ज्ञान के लिए एक प्रश्नपत्र- एजूकेशनल टूर, टूर रिपोर्ट एवं प्रोजेक्ट वर्क पर आधारित है.

पर्यटन और होटल प्रबंधन क्षेत्र में निरंतर हो रही प्रगति और विविधतापूर्ण आयाम -मेडीकल टूरिज्म, कल्चरल इवेंट टूरिज्म, रूरल टूरिज्म, हेरिटेज टूरिज्म, स्पोर्ट टूरिज्म आदि-जुड़ने के कारण इस क्षेत्र में शिक्षित व्यक्तियों की सतत आवश्यकता हो रही है जिसकी प्रतिपूर्ति के लिए भी यह पाठ्यक्रम सहायक है.

### भारतीय ज्ञान परम्परा का संवाहक रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम : डॉ.शर्मा

## भेल कालेज में पर्यटन और होटल प्रबंधन क्षेत्र में कॅरियर अवसर, पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू




भोपाल। राजधानी के एकमात्र शासकीय महाविद्यालय-बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल में पर्यटन और होटल प्रबंधन संबंधी नियमित एवं रोजगारोन्मुखी पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित है जो भारतीय ज्ञान परम्परा का संवाहक भी है पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ.आरके शर्मा ने बताया कि इस पाठ्यक्रम में भारत की एतिहासिक विरासत, संस्कृति, नृत्य, संगीत, पर्यटन स्थल,यात्रा सुविधाएं, आतिथ्य सत्कार परम्परा आदि का अध्यापन भारत का सामाजिक और सांस्कृतिक परिचय ,पर्यटन एवं यात्रा के सिद्धांत, पर्यटन और यात्रा एजेंसीज,होटल प्रबंधन और केटरिंग,भारत एक पर्यटन स्थल और पर्यटन प्रबंधन में कम्प्यूटर के उपयोग जैसे विषयों के अध्यापन में समाहित हैं प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने बताया कि बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल से सम्बद्ध इस एक वर्षीय पाठ्यक्रम-पीजी डिप्लोमा इन टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट की विशेषता यह है कि किसी भी विषय का स्नातक, इस पाठ्यक्रम में प्रवेश की पात्रता रखता है।

पत्रिका भोपाल 29.5.2025

### जानेंगे ऐतिहासिक विरासत और संस्कृति

## प्रोजेक्ट बेस्ड रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण सर्विस सेक्टर के लिए बन रहा उपयोगी

**बरखेड़ा.** बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पर्यटन और होटल प्रबंधन सम्बंधी पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जो भारतीय ज्ञान परंपरा का संवाहक भी है। पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. आरके शर्मा ने बताया कि इस पाठ्यक्रम में भारत की ऐतिहासिक विरासत, संस्कृति, नृत्य, संगीत, पर्यटन स्थल, यात्रा सुविधाएं, आतिथ्य सत्कार परंपरा, पर्यटन एवं यात्रा के सिद्धांत, ई-पर्यटन और यात्रा एजेंसीज, होटल प्रबंधन और कैटरिंग, भारत एक पर्यटन स्थल और पर्यटन प्रबंधन में कम्प्यूटर के उपयोग जैसे आदि का अध्यापन किया जाता है। प्राचार्य डॉ . संजय जैन ने बताया कि बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल से सम्बद्ध इस एक वर्षीय पाठ्यक्रम-पीजी डिप्लोमा इन टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट की विशेषता यह है कि किसी भी विषय का स्नातक, इस पाठ्यक्रम में प्रवेश की पात्रता रखता है तथा वह एक वर्ष में ही पर्यटन और होटल प्रबंधन दोनो क्षेत्रों में अपना करियर बनाने के अवसर पा लेता है। शासकीय महाविद्यालय होने के कारण नो प्रॉफिट-नो लॉस पर आधारित स्ववित्तीय पाठ्यक्रम के रूप में संचालित हैं। जो वर्तमान में पर्यटन और होटल प्रबंधन के क्षेत्र में कार्यरत लोगों को भी अपनी शैक्षणिक अर्हता बढ़ा कर उच्च पदों पर पहुंचने के अवसर प्रदान करता है। इस पाठ्यक्रम में व्यावहारिक ज्ञान के लिए एक प्रश्नपत्र- एजूकेशनल टूर, टूर रिपोर्ट एवं प्रोजेक्ट वर्क पर आधारित हैं।

**पत्रिका**

### भेल कॉलेज में सत्र 2025-26 के लिए प्रारंभ

## स्टूडेंट्स में स्किल डेवलप करने शुरू किया हुए नवीन पाठ्यक्रम



पत्रिका ZOOM रिपोर्टर
patrika.com

**बरखेड़ा.** एईडीपी पाठ्यक्रमों का प्रचार प्रसार, विद्यार्थियों में समाजिक चेतना हेतु जागरूकता अभियान जैसे निर्णय, बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महविद्यालय भेल की जनभागीदारी समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्राचार्य एवं सचिव डॉ. संजय जैन ने बताया कि महाविद्यालय में सत्र 2025-26 से एईडीपी- अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम्स पाठ्यक्रम -बीए टूरिज्म एंड हास्पिटैलिटी आपरेशंस प्रारंभ किया जा रहा है। जिसमें प्रवेशित विद्यार्थियों को तृतीय वर्ष में 8000 रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड का प्रावधान है। इसके तहत विद्यार्थी को प्रशिक्षण के लिए अनुबंधित संस्था में हुनरमंद बनाने के लिए भेजा जाता है, जिससे वह और अधिक कार्य के प्रति दक्ष हो सके। वहीं, इसके अलावा 2 जून को पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बाबूलाल गौर के जन्मदिन पर समारोह का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें बाबूलाल गौर शोध समन्वय प्रकोष्ठ और पार्किंग शेड का लोकार्पण भी किया जाएगा। लव जिहाद के प्रति जागरूकता, संस्कारों का पालन, मां-बेटी सम्मेलन, महिलाओं के अधिकार, महापुरुषों की जयंती जैसे आयोजनों से जनभागीदारी समिति नये सत्र में छात्र-छात्राओं की जागरूकता के लिए अभियान चलाएगी।

30/05/2025 | Bhopal | Page : 19
Source : https://epaper.patrika.com/

# समाचार पत्रों से

बाबूलाल गौर शासकीय भेल कॉलेज की जनभागीदारी समिति की बैठक में हुए अनेक निर्णय

## समन्वय प्रकोष्ठ एवं पार्किंग शेड का 2 जून को होगा लोकार्पण



स्वदेश ज्योति संवाददाता, भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बाबूलाल गौर के जन्मदिन पर समारोह पूर्वक आयोजन, एईडीपी पाठ्यक्रमों का प्रचार-प्रसार, विद्यार्थियों में समाजिक चेतना के लिए जागरूकता अभियान जैसे निर्णय, बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महविद्यालय भेल की जनभागीदारी समिति की बैठक में बारेलाल अहिरवार की अध्यक्षता में लिए गए। प्राचार्य एवं सचिव डॉ. संजय जैन ने बताया कि महाविद्यालय में सत्र 2025-26 से एईडीपी पाठ्यक्रम -बी ए टूरिज्म एंड हास्पिटैलिटी आपरेशनस प्रारंभ किया जा रहा है जिसमें प्रवेशित विद्यार्थियों को तृतीय वर्ष में 8000रू प्रतिमाह स्टाय फंड का प्रावधान है। पूर्व मुख्यमंत्री स्व बाबूलाल गौर के जन्मदिन अवसर पर-बाबूलाल गौर शोध समन्वय प्रकोष्ठ एवं पार्किंग शेड के लोकार्पण किया जाएगा, लवजिहाद के प्रति जागरूकता, संस्कारों का पालन, मां-बेटी सम्मेलन, महिलाओं के अधिकार, महापुरुषों की जयंती जैसे आयोजनों से जनभागीदारी समिति नये सत्र में छात्र-छात्राओं की जागरूकता के लिए अभियान चलाएगी। इस अवसर पर जनभागीदारी सदस्य तेजसिंह ठाकुर, करतार सिंह नागर, मिश्रीलाल राजपूत, डॉ.अंजना अग्रवाल, संजय कुंवर, खिलान सिंह, हमीर सिंह कुशवाहा ने सक्रिय सहभागिता की।

बाबूलाल गौर शासकीय भेल कॉलेज की जनभागीदारी समिति की बैठक में हुए अनेक निर्णय

समन्वय प्रकोष्ठ एवं पार्किंग शेड का 2 जून को होगा लोकार्पण



स्वदेश ज्योति संवाददाता, भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बाबूलाल गौर के जन्मदिन पर समारोह पूर्वक आयोजन, एईडीपी पाठ्यक्रमों का प्रचार-प्रसार, विद्यार्थियों में समाजिक चेतना के लिए जागरूकता अभियान जैसे निर्णय, बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महविद्यालय भेल की जनभागीदारी समिति की बैठक में बारेलाल अहिरवार की अध्यक्षता में लिए गए। प्राचार्य एवं सचिव डॉ. संजय जैन ने बताया कि महाविद्यालय में सत्र 2025-26 से एईडीपी पाठ्यक्रम -बी ए टूरिज्म एंड हास्पिटैलिटी आपरेशनस प्रारंभ किया जा रहा है जिसमें प्रवेशित विद्यार्थियों को तृतीय वर्ष में 8000रू प्रतिमाह स्टाय फंड का प्रावधान है। पूर्व मुख्यमंत्री स्व बाबूलाल गौर के जन्मदिन अवसर पर-बाबूलाल गौर शोध समन्वय प्रकोष्ठ एवं पार्किंग शेड के लोकार्पण किया जाएगा, लवजिहाद के प्रति जागरूकता, संस्कारों का पालन, मां-बेटी सम्मेलन, महिलाओं के अधिकार, महापुरुषों की जयंती जैसे आयोजनों से जनभागीदारी समिति नये सत्र में छात्र-छात्राओं की जागरूकता के लिए अभियान चलाएगी। इस अवसर पर जनभागीदारी सदस्य तेजसिंह ठाकुर, करतार सिंह नागर, मिश्रीलाल राजपूत, डॉ.अंजना अग्रवाल, संजय कुंवर, खिलान सिंह, हमीर सिंह कुशवाहा ने सक्रिय सहभागिता की।

## डॉ. श्यामा और बाबूलाल गौर कालेज देगा अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड कोर्स में प्रवेश

### कोर्स के दौरान विद्यार्थियों को दिए जाएगा स्टायपेंड

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** आगामी शिक्षण सत्र से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रारंभ हो रहे रोजगारोन्मुखी अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम(तीन-वर्षीय प्रोग्राम) डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी कालेज और बाबूलाल गौर कालेज भेल में शैक्षणिक सत्र 2025-26 से रोजगारोन्मुखी एईडीपी कोर्स शुरु हो रहे है। अप्रेंटिसशिप अम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम (एईडीपी) के तहत बीकॉम में बीकॉम एंड बैंकिंग फाइनेंस सर्विसेस एण्ड इंश्योरेंस (बीएफएसआई) 30 सीट और बीएससी इन टूरिज्म एण्ड हॉस्पिटीलिटी ऑपरेशन्स (30 सीट) की शुरूआत हो रही है। प्राचार्या डॉ. शालिनी सक्सेना ने बताया कि यह कोर्स विद्यार्थियों को न केवल अकादमिक ज्ञान देगा, बल्कि व्यावहारिक अनुभव और इंडस्ट्री से जुड़ाव का भी अवसर प्रदान करेगा। अधिक जानकारी के लिए विद्यार्थी कॉलेज परिसर में नोडल अधिकारी डॉ. संदीप कुमार मल्होत्रा, डॉ. मीनाक्षी सक्सेना 9425124777, डॉ. आशा वर्मा 9424417062 और डॉ. शिवाली शाक्य से 9406518859 पर संपर्क कर सकते हैं।



### बाबूलाल गौर कालेज भी देगा विद्यार्थियों को आठ हजार

बाबूलाल गौर पीजी कालेज भेल में एईडीपी कोर्स बीए टूरिज्म एंड हास्पिटैलिटी आपरेशनस की शुरुआत हो रही है। इसमें प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं को अंतिम वर्ष में 6 से 12 महीने की अप्रेंटिसशिप दी जाएगी। इसमें उन्हें न्यूनतम आठ हजार प्रतिमाह का स्टाइपेंड भी मिलेगा। यह कोर्स छात्र-छात्राओं को न केवल अकादमिक ज्ञान देगा, बल्कि उन्हें व्यावहारिक अनुभव और इंडस्ट्री से जुड़ाव का भी अवसर प्रदान करेगा। प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने बताया कि एईडीपी कोर्स के माध्यम से विद्यार्थियों को उनकी रुचि के क्षेत्र में अनुभव प्राप्त होगा और उन्हें स्नातक की डिग्री के साथ-साथ रोजगार की बेहतर संभावनाएं भी मिलेंगी। यह कोर्स युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। 12 वीं पास विद्यार्थी उक्त कोर्स के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# स्टूडेंट कॉर्नर

## नयी कलम से............

### शिक्षा का महत्त्व

पढ़ने के पीछे भागो तुम
छल, कपट, दंभ और अहंकार
मोह, माया, लालच त्यागो तुम
दुनियादारी में क्या मिलता
पढ़कर थोड़ा अजमालो तुम
पढ़ने के पीछे भागो तुम

दुनिया तो सब मोह - माया है
इससे जो भी बच पाया है
पापमयी इस दुनिया में
उसने ही सबकुछ पाया है
सक्सेस के खातिर जागो तुम
पढ़ने के पीछे भागो तुम

जीवन पथ ऐसा आयेगा
झुकने को सख्त बनायेगा
रूकना नहीं चलते रहना है
जीवन में पढ़ते रहना है
मोह-माया लालच त्यागो तुम
पढ़ने के पीछे भागो तुम

ज्ञान अमरता का समुद्र
उसमें हमें डूब लगानी है
पापमयी इस काया को
विद्या से शुद्ध बनानी है
छल, कपट, दंभ को त्यागो तुम
पढ़ने के पीछे भागो तुम

इस देश जगत के लोगो में
शिक्षा का भाव बढ़ाना है
जीवन की अविरल धारा में
कुछ बनकर के दिखलाना है
उठकर झटपट अब जागो तुम
पढ़ने के पीछे भागो तुम

इतिहास हमेशा याद रखे
जीवन का फर्ज निभाना है
बस पढ़ते हमको जाना है
और बढ़ते हमको जाना है

बस कलम यही मैं रखता हूँ
तुम जीवन की हुंकार सुनो
ज्ञान प्राप्ति की आशा को
चहुँ और तुम्ही विस्तार करो
उठकर झटपट अब जागो तुम
पढ़ने के पीछे भागो तुम

प्रिंसराज बागरी
बी.ए. द्वितीय वर्ष

## प्रतिक्रियाएँ ई-मेल द्वारा प्राप्त

'तरंग' का मई अंक बहुत प्रभावी लगा। पिछले अंको की तुलना में इसमें महाविद्यालय की गतिविधियों के चित्र अधिक है। 'तरंग' ई-न्यूजलेटर से हमें यही अपेक्षा है।

खुशी द्विवेदी
बी.ए. तृतीय वर्ष

'तरंग' का मई अंक पढ़कर अच्छा लगा। मैं भी प्रयास कर रही हूँ कि अच्छी-अच्छी रचनाएँ लिखूँ। ताकि मैं भी 'तरंग' के पृष्ठों में स्थान पा सकूँ।

श्रीया विश्वकर्मा
बी.ए. तृतीय वर्ष

# तरंग स्टार

**म.प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में महाविद्यालय के पूर्व छात्र- श्री सौरभ तिवारी एवं श्री सत्यम ठाकुर का सहायक प्राध्यापक हिन्दी के पद पर चयन**

श्री सौरभ तिवारी



श्री सत्यम ठाकुर



ये दो पूर्व छात्र इस अंक के तरंग स्टार हैं।

**महाविद्यालय के दो पूर्व छात्रों के सहायक प्राध्यापक हिन्दी के पद पर चयनित होने पर महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ !**



# आगामी कार्यक्रम

- विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून 2025

# संपादक की पाती

माह- जून 2025 का ‘ तरंग ’ अंक आपके हाथों में है। यह अंक आपको कैसा लगा, हमें अवश्य बताएँ । आपकी टिप्पणी / सुझावों की हमें प्रतीक्षा रहेगी । विद्यार्थी अपनी रचनाएँ, सुझाव, प्रतिक्रिया और उपलब्धि ‘स्टूडेंट कॉर्नर’ के लिये tarangnews2024@gmail.com पर मेल कर सकते हैं।

सौजन्य ई-न्यूजलेटर समितिः- डॉ. सुषमा जादौन (संयोजक)
डॉ. कीर्ति श्रीवास्तव, डॉ. इलारानी श्रीवास्तव, डॉ. मीता बादल
श्री संजय साहू (कम्प्यूटर वर्क)